भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †189

सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में नए पर्यटन सर्किट

†189. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में कितने घरेलू और विदेशी पर्यटकों ने यात्रा की;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की उक्त राज्य में नये पर्यटन सर्किट विकसित करने की कोई योजना है;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में निर्धारित समय-सीमा सहित ऐसे सर्किटों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पिछले पांच वर्षों में आंध्र प्रदेश में घरेलू तथा विदेशी पर्यटक यात्राओं की जिले-वार संख्या **अनुबंध-।** में दी गई है।

(ग) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना की शुरूआत की थी जिसके अंतर्गत आंध्र प्रदेश सहित देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों आदि को वित्तीय सहायता दी जाती है। यह वित्तीय सहायता राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों आदि के परामर्श से दी जाती है। वर्ष 2014-15 में योजना की शुरूआत से वर्ष 2018-19 तक आंध्र प्रदेश में 3 परियोजनाओं सहित देश में 14 थीमेटिक परिपथों के तहत कुल 76 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। उक्त योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-।।** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव द्वारा आंध्र प्रदेश में नए पर्यटन सर्किट के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †189 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

2019-2023 के दौरान आंध्र प्रदेश में घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	**जिला**	**डीटीवी 19**	**एफटीवी 19**	**डीटीवी 20**	**एफटीवी 20**	**डीटीवी 21**	**एफटीवी 21**	**डीटीवी 22**	**एफटीवी 22**	**डीटीवी 23**	**एफटीवी 23**
1	अल्लूरी सीताराम राजू	*	*	*	*	*	*	5957394	10177	18738724	368
2	अनकापल्ली	*	*	*	*	*	*	4363003	0	3247571	0
3	अनंतपुर	5525107	99972	1720619	26570	2585556	8389	6063079	25577	5426754	9954
4	अन्नामय्या	*	*	*	*	*	*	1111408	0	1583266	0
5	बपातला	*	*	*	*	*	*	789035	0	1416957	0
6	चित्तूर	45979530	20947	15299868	6396	20043743	143	11725502	1656	5359561	0
7	ईस्ट गोदावरी	26315112	4994	6910620	828	14768422	16	12152939	69	9320401	0
8	एलूरू	*	*	*	*	*	*	2381198	44	3991286	2
9	गुंटूर	20016768	2514	4224087	410	4422342	0	10630123	552	14123237	355
10	काकीनाडा	*	*	*	*	*	*	6780478	0	13370707	0
11	कोनासीमा	*	*	*	*	*	*	6884445	0	11746393	0
12	कृष्णा	23429608	13478	4172929	1787	6029263	13	5662849	2328	6069960	852

13	कुरनूल	6801992	596	1957240	145	3070485	108	2741990	174	7608237	20
14	मान्यम	*	*	*	*	*	*	2300143	0	4804978	0
15	नंद्याल	*	*	*	*	*	*	4479281	0	13429000	46
16	नेल्लौर	9886241	3267	3682194	296	3138180	0	8009265	483	6220240	0
17	एनटीआर	*	*	*	*	*	*	5011276	393	29655254	25
18	पलनाडु	*	*	*	*	*	*	3171622	0	2183431	667
19	प्रकाशम	4093078	3040	1070823	0	2207058	0	2776293	477	2500585	0
20	श्री सत्यसाईं	*	*	*	*	*	*	5094290	73205	5398612	45164
21	श्रीकाकुलम	23305608	2992	9556976	797	11200951	235	16911730	392	15910795	118
22	तिरूपति	*	*	*	*	*	*	34933095	3446	42002161	1704
23	विशाखापत्तनम	27311988	109226	10157402	30101	14919741	18617	16250612	45637	17069592	0
24	विजियानगरम	5878204	1598	3134395	207	4251840	24	5570934	1087	6149736	929
25	वेस्ट गोदावरी	18305808	17732	4575251	54	5328693	6	6973015	148	4796640	2
26	वाई एस आर कडपा	20202464	0	4366186	0	1311295	0	3991722	0	2582250	220
	कुल	**237051508**	**280356**	**70828590**	**67591**	**93277569**	**27551**	**192716721**	**165845**	**254706328**	**60426**

स्रोत: राज्य पर्यटन विभाग

*आंकड़े उपलब्ध नहीं है क्योंकि ये जिले 2022 में बनाए गए थे।

****

अनुबंध-II

श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव द्वारा आंध्र प्रदेश में नए पर्यटन सर्किट के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †189 के भाग (ग) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

आंध्र प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**	**भौतिक स्थिति (%)**
1.	आंध्र प्रदेश	तटवर्ती परिपथ 2014-15	काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्य जीव अभयारण्य - पसारलापुडी - अड्डुरू - एस यनम - कोटिपल्ली का विकास	67.83	67.83	पूर्ण
2.	आंध्र प्रदेश	तटवर्ती परिपथ 2015-16	नेल्लोर-पुलिकट झील- उब्बलंबादुगु जल प्रपात- नेलपट्टू-कोठकोंडुरु- मायपाडू- रामतीर्थम- इस्कापल्ली का विकास	49.55	49.55	पूर्ण
3.	आंध्र प्रदेश	बौद्ध परिपथ 2017-18	बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बावीकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनुपु का विकास	35.24	30.03	80%

*****